तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 27 मार्च 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 50 हजार रुपए घूस लेते रेंजर व डिप्टी रेंजर गिरफ्तार



## खबर संक्षेप

### जलाराम मंदिर में रामनवमी उत्सव आज

**कोरबा।** श्री गुजराती समाज व जलाराम सेवा समिति के तत्वाधान में संत श्री जलाराम मंदिर परिसर में 27 मार्च को रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। शुक्रवार को सुबह 10 बजे से श्रीराम धुन और भजन किया जाएगा। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। भगवान श्रीराम की महाआरती के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। समाज के सभी सदस्यों से सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होने आग्रह किया गया है।

### भागवत महापुराण का आयोजन 29 से

**कोरबा।** श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन 29 मार्च से 5 अप्रैल तक रविशंकर शुक्ल नगर स्थित श्री कपिलेश्वरनाथ मंदिर में आयोजित किया जा रहा है। बयचंद साहू, श्रीमती अनिता साहू के द्वारा आयोजित ज्ञान यज्ञ महोत्सव में कथा सुनाने के लिए देवकृष्ण शर्मा आचार्य के रुप में उपस्थित रहेंगे। 29 मार्च प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा व वेदी स्थापना के साथ कथा प्रारंभ होगी। 7 दिन तक चलने वाली इस कथा में प्रतिदिन वेदी पूजन, कीर्तन आरती और तुलसी परिक्रमा की जाएगी। दोपहर 3 बजे से प्रतिदिन कथा प्रारंभ होगी।

### मयंक का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन



**हरदीबाजार।** हरदीबाजार निवासी उजवल डिक्सेना के पुत्र मयंक डिक्सेना जो स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में अध्यनरत था, नवोदय विद्यालय छुरी की परीक्षा में चयन हुआ। इसके चयन से माता-पिता, गुरुजनों ने शुभकामनाएं दी हैं।

### गेराव-बताती जंगल में लगी आग वन विभाग ने पाया काबू

**कोरबा।** महुआ एवं तेंदुपत्ता सीजन में जिले के जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही है। बुधवार को कोरबा रेंज अंतर्गत गेराव-बताती जंगल में भीषण आग लग गई। जिसकी सूचना मुख्य मार्ग से गुजर रहे लोगों ने वन विभाग को दी। जंगल में आग लगने की सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और फायर ब्लोअर मशीन की मदद से घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते जंगल में आग लगने की सूचना मिल जाने तथा वन विभाग के मैदानी अमले की सक्रियता से आग पर नियंत्रण मिला और जंगल तथा वहां मौजूद वन्य प्राणियों को नुकसान होने से बचाया जा सका। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वनोंपज संग्रहण के लिए जंगल में आग ना लगाएं। तथा कहीं पर वन्य क्षेत्र में आग दिखता है तो तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दें।

### मोट्राईज़्ड ट्राईसाइकिल मिली दिव्यांग सूरज को

**कोरबा।** नगर पालिका निगम क्षेत्र के सेमीपाली-जमनीपाली निवासी 32 वर्षीय सूरज कुमार जन्म से ही शत प्रतिशत अस्थि-बाधित दिव्यांगता के बावजूद हिम्मत नहीं हारे। दो पैरों से पूर्णतः दिव्यांग होने के कारण उनका हर दिन संघर्ष और तकलीफ़ों से भरा था। चलना-फिरना, दैनिक कार्यों को करना, बाहर जाना-हर कदम पर मुश्किलें उनका जीवन बोझिल बना देती थीं। फिर भी जीवन को आगे बढ़ाने की उनकी इच्छाशक्ति कभी कमजोर नहीं हुई। बेहतर सहारे की तलाश में 14 मार्च को वे लोक अदालत में उपस्थित हुए और मोट्राईज़्ड ट्राईसाइकिल की मांग रखी। छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण विभाग ने उनकी आवश्यकता को गंभीरता से लिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए सहायक उपकरण प्रदाय योजना के अंतर्गत उसी दिन मोट्राईज़्ड ट्राईसाइकिल स्वीकृत कर प्रदान की।

# कोरबा ब्लॉक के ग्राम बताती में शुरु होगी एलपीजी गैस एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के ग्रामीण अंचलों में एलपीजी गैस एजेंसी की सुविधा बढ़ाने के लिए प्रयास शुरु हो गए हैं। इन गैस एजेंसियों में उज्वला योजना के तहत हितग्राहियों को नए कनेक्शन दिए जाएंगे। कोरबा ब्लॉक ग्राम बताती सहित चार स्थानों में गैस एजेंसी खोलने का प्रस्ताव खाद्य विभाग के द्वारा भेजा गया है।

गैस एजेंसियों के विस्तार को लेकर खाद्य विभाग से राज्य शासन के द्वारा ऐसे स्थानों के प्रस्ताव मांगे गए थे जिनके आसपास 30 किमी के अंदर में कहीं भी गैस एजेंसी ना हों जिससे ग्रामीण अंचलों में हितग्राहियों को कुकिंग गैस की सुविधा ना मिलती हो। खाद्य विभाग के द्वारा गैस एजेंसियों के प्रस्ताव को लेकर सर्वे करवाया था। इसमें कोरबा ब्लॉक के ग्राम बताती का चयन किया गया है। इसके अलावा कुदमुरा भी इस प्रस्ताव में शामिल हैं। कुदमुरा और बताती की बीच की दूरी 30 किमी अधिक है दोनों ही स्थानों में गैस एजेंसी के लिए ग्रामीण गैस वितरण ⏭ शेष पेज 2 पर

### खाद्य विभाग ने जिले में चार स्थानों के लिए भेजा है प्रस्ताव

**खास बातें**

- उज्ज्वला योजना के तहत दिए जाएंगे गैस कनेक्शन
- ग्रामीणों को नया कनेक्शन देने के लिए शुरु होगा काम



**प्रस्ताव गया है**

दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में एलपीजी गैस एजेंसी के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। बताती पहले प्राथमिकता दी गई है। इसके अलावा चार और अन्य स्थान भी है जहां इसकी शुरुआत की जाएगी।

-घनश्याम कंवर,
जिला खाद्य अधिकारी

### जामबहार और लेमरु में शुरु हो चुकी है एजेंसी

कोरबा ब्लॉक के ही ग्राम पंचायत जामबहार और लेमरु में एलपीजी गैस एजेंसी शुरु हो चुकी है। जिनका संचालन आदिवासी सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किया जाता है। इन क्षेत्रों के लोगों को गैस रिफलिंग की सुविधा मिलने के साथ यहां के अधिकांश हितग्राही उज्ज्वला योजना से जुड़ चुके हैं। इसी तरह शासकीय विभागों के शुरु होने से भी गैस का उपयोग बढ़ा है। खाद्य विभाग ने सहकारी समितियों के माध्यम से जामबहार और लेमरु में गैस एजेंसी संचालित करने प्रस्ताव आज से पांच वर्ष पूर्व शासन को भेजकर शुरु कराया था। दोनों ही क्षेत्रों में इंडेन गैस एजेंसी से सिलेंडर सप्लाई होती है।

## कोलइंडिया 8 राज्यों के 21 लाख लोगों को कर रहा जल आपूर्ति

# अब कोयला खदानों का पानी बनेगा वरदान सिंचाई व घरेलू कार्यों में होगा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला खदानों में जमा अथाह जल राशि अब अभिशाप नहीं, बल्कि कोयलांचल के लिए वरदान बनने वाली है। केंद्र सरकार के विजन के बाद, नीति आयोग और कोयला मंत्रालय ने खदानों के पानी (माइंस वाटर) के अधिकतम उपयोग का मास्टर प्लान तैयार कर लिया है। भीषण गर्मी की आहट के बीच, बीसीसीएल समेत कोल इंडिया की तमाम कंपनियों को इस पानी को सिंचाई और घरेलू कार्यों के लिए सुलभ बनाने का निर्देश दिया गया है।

इसकी विस्तृत रिपोर्ट अप्रैल के अंत तक कोयला मंत्रालय के जरिए प्रधानमंत्री कार्यालय को सौंप दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिले में संचालित एसईसीएल की बंद कोयला खदानों में भी पानी का भंडार है। समय समय पर खदान से प्रभावित भूविस्थापितों व किसानों के द्वारा निस्तारी के लिए पानी की मांग की जाती रही है। एसईसीएल की 75 खदानों में लगभग 801 लाख क्यूबिक मीटर पानी संग्रहित है। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा भी कई क्षेत्रों में बंद खदानों का पानी निस्तारी व अन्य कार्य के लिए मुहैय्या कराने की योजना बनाई गई है। अब नए नियम के लागू होने के बाद इस दिशा पर तेजी से काम शुरु होने की उम्मीद है। केंद्र सरकार के आदेश के बाद नीति आयोग व कोयला मंत्रालय ने खदानों में संग्रहित पानी के अधिकतम उपयोग का मास्टर प्लान तैयार किया गया है। एसईसीएल ने इस पर सिफंर व आइआइएसएम जैसे रिसर्च संस्थान काम कर रही है। इस काम में एसईसीएल सहयोग कर रही है। कोल इंडिया की आठ राज्यों के लगभग 21 लाख लोगों तक जलापूर्ति सुनिश्चित कर रही है। इससे पूर्व ही केंद्र सरकार ने नीति आयोग और कोयला मंत्रालय के साथ हुई उच्च स्तरीय बैठक में स्पष्ट किया था कि खदानों के पानी को बर्बाद करने के बजाय इसे प्राथमिकता के आधार पर सिंचाई और पेयजल परियोजनाओं से जोड़ा जाए। इस के बाद फिर से केंद्र सरकार गंभीर हो गया है। कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों ने इस पर काम करना शुरू कर दिया है। सिंफर की मदद से भूमिगत खदान के पानी को शोधित कर उपयोग में लाने का ट्रायल किया जा रहा है। आने वाले समय में एसईसीएल की बंद खदानों में भी इसी तकनीक को लागू करने की योजना पर काम किया जा रहा है। इससे पहले सिंफर की ओर से कोयला मंत्रालय को दिए गए माइंस वाटर सर्वे रिपोर्ट में बताया गया है कि 441 खदानों में 9935.41 लाख क्यूबिक मीटर पानी है।

**खास बात**

- नीति आयोग व कोयला मंत्रालय ने खदानों के पानी के अधिकतम उपयोग का बनाया मास्टर प्लान



फाइल फोटो

### 18 हजार लाख किलो लीटर पानी का हुआ पांच साल में उपयोग

कोयला मंत्रालय के पास मौजूद आंकड़ा में यह बताया गया है कि पांच साल में खदानों से 18513 लाख किलो लीटर पानी का उपयोग में लाया गया है। जिससे करीब 19 लाख लोगों को लाभ मिला। अब उन खदानों के पानी का भी उपयोग किया जाएगा। जहां काम नहीं हो रहा है। और पानी निकासी का भी बंद है। इसके लिए क्या उपाय किया जाए। किन संसाधनों की जरूरत होगी। यह सारी व्यवस्था पर रिपोर्ट तैयार होगी।

### कोल इंडिया की खदानें जहां पानी का भंडार है

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड 75 खदान 801 लाख क्यूबिक मीटर पानी।
भारत कोकिंग कोल लिमिटेड 46 खदान 1280 लाख क्यूबिक मीटर पानी।
ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड 91 खदान 1496 लाख क्यूबिक मीटर पानी।
सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड 75 खदान 1532 लाख क्यूबिक मीटर पानी।
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड 26 खदान 653 लाख क्यूबिक मीटर पानी।
नार्दन कोलफील्ड्स लिमिटेड 10 खदान 180 लाख क्यूबिक मीटर पानी।
वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड 67 खदान 1378.1 लाख क्यूबिक मीटर पानी।
एनएलसी 1 खदान 1261.8 लाख क्यूबिक मीटर पानी।
एससीसीएल 49 खदान1175 लाख क्यूबिक मीटर पानी।

### खेती और घरेलू उपयोग पर रहेगा जोर

योजना का मुख्य केंद्र बिंदु सिंचाई है ताकि किसानों को साल भर पानी मिल सके। इसके अलावा, खुली और भूमिगत खदानों के पानी को फिल्टर कर आसपास की बस्तियों में घरेलू उपयोग के लिए सप्लाई किया जाएगा। कोयला कंपनियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जल संचयन और वितरण का बुनियादी ढांचा जल्द से जल्द दुरुस्त करें।

### चोरी के मामले में, अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते दिनों रात्रि गश्त के दौरान उप निरी महासिंह धुर्वे नाईट गस्त चेक पर निकले थे उनके साथ आरक्षक भूपेन्द्र साय पैकरा एवं गगेश्वर राय उनके साथ थे। रात्री करबीन 2.45 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति वाशिंग मशीन को पीठ में लाद कर ले जाते हुए देखा गया जिसे रोकने पर पुलिस को देखकर सामान को छोडकर भाग गया। जिसका पीछा किया गया लेकिन अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग गया। वाशिंग मशीन को सुरक्षार्थ थाना लाया गया। जांच के दौरान पता चला कि राजू पटेल पिता रेशम लाल पटेल 40 साल पता राताखार के द्वारा बताया गया कि उसके मकान से रात्रि में करीबन 2 बजे हायर कंपनी का वाशिंग मशीन तथा इसके पडोसी के घर सैमसंग कंपनी का मोबाईल फोन की किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया था। राजू ने उक्त वाशिन मशीन की पहचान किया। पुलिस ने राजू की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### मनाई गई सम्राट अशोक जयंती

**कोरबा।** कुशवाहा समाज कल्याण समिति द्वारा महान सम्राट अशोक की जयंती मनाया गया। जिसमें एएल वर्मा, केदार मंडल, अजय प्रसाद, शंकर सिंह, नन्द किशोर, अशोक प्रसाद, गुंजन प्रसाद,अशोक मेहता, ध्रुव कुशवाहा, संजय कुशवाहा, बेताल कुशवाहा, पिंटू सिंह एवं महिलाएं शामिल रहीं।

# रोहिदास मोहल्ले के दलित परिवारों का मुआवजा अटका, उग्र आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमगांव के रोहिदास मोहल्ला निवासी दलित परिवारों ने प्रबंधन पर भेदभाव और शोषण का गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी भूमि और संपत्तियों का अर्जन किए तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी उन्हें अब तक मुआवजा और पुनर्वास की सुविधाएं नहीं दी गई हैं जबकि उसी क्षेत्र के अन्य लोगों को सभी लाभ देकर बसाया जा चुका है।

ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2023 में मूल्यांकन कमेटी द्वारा मकानों और संपत्तियों की नापी कर पावती दी जा चुकी है इसके बावजूद भुगतान की प्रक्रिया रुकी हुई है। पीड़ित परिवारों ने बताया कि वे दलित वर्ग (रोहिदास समुदाय) से संबंध रखते हैं मोहल्ले के अन्य प्रभावशाली लोगों को मुआवजा और बसाहट की सुविधा मिल चुकी है लेकिन कुछ चुनिंदा परिवारों को उनके हक से वंचित रखा गया है पिछले 3 वर्षों ⏭ शेष पेज 2 पर



आक्रोश व्यक्त करते मोहल्लेवासी।

# अधिक से अधिक लोगों को मिले योजना का लाभ : भीम सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत उपभोक्ताओं की सेवाओं में सुधार तथा विभागीय योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए पॉवर कंपनी प्रतिबद्ध है। साथ ही मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना 2026 कोरोना महामारी के समय आर्थिक परेशानी व अन्य कारणों से बिजली बिल जमा नहीं कर पाने वाले उपभोक्ताओं के लिए लाभदायक है।

उक्त बातें छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने कटघोरा संभाग अंतर्गत छुरी वितरण केन्द्र में आयोजित समाधान शिविर के दौरान कही। श्री कंवर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार प्रत्येक उपभोक्ता को गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित किया जाना पावर कंपनी का दायित्व है। मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना के तहत आज पात्र 84 उपभोक्ताओं ने बकाया मूल राशि तथा अधिभार में छूट हेतु आन स्पॉट पंजीयन कराया जिन्हे योजना के तहत राशि 9 लाख 50 हजार रूपये छूट का लाभ प्राप्त हुआ है। छुरी निवासी संतोष यादव द्वारा अपने बकाया बिजली बिल की राशि 10413 रूपये में छूट हेतु इस योजना के तहत पंजीयन कराया गया, जिन्हे मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान ⏭ शेष पेज 2 पर

**खास बात**

- छुरी में आयोजित हुआ मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान शिविर



शिविर में उपस्थित एमडी भीम सिंह कंवर व विद्युत कंपनी के अधिकारी।

## ग्राम ढपढप में शुरु होगी हनुमंत कथा

# सजेगा दिव्य आध्यात्मिक महाकुंभ, आज आएंगे बागेश्वरधाम सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की हनुमंत कथा 28 मार्च से बांकीमोंगरा और कटघोरा के नजदीक ढपढप में शुरू हो रही है। पांच दिन तक चलने वाले इस आयोजन के लिए समिति ने लोगों से अलग-अलग स्तर पर अच्छा सहयोग मिलने की बात कही। दावा है कि लाखों की संख्या में लोग यहां पहुंचेंगे। उनके लिए आवश्यक व्यवस्था की जा रही है। शुक्रवार को बागेश्वरधाम सरकार कोरबा पहुंचेंगे।

प्रेस क्लब में आयोजन समिति के संरक्षक जुड़ावन सिंह, संयोजक अमरजीत सिंह, सचिव डॉ. पवन सिंह, संरक्षक सुबोध सिंह, मातृशक्ति प्रमुख रितु चौरसिया और राणा मुखर्जी ने आज बातचीत की। उन्होंने बताया कि मुख्य रूप से तीन स्थानों को इस आयोजन के लिए देखा गया था। अंतिम स्तर पर हर दृष्टि से ढपढप की जगह तय की गई। 2सौ एकड़ के कुल क्षेत्रफल में बड़ी संख्या में लोगों के आने जाने और अन्य सुविधा दी जानी संभव हुई है। बताया गया कि कोरबा सहित आसपास के इलाके से हर दिन लगभग 1 लाख लोगों की आने की संभावना है। आयोजन समिति इस हिसाब से भोजन प्रसादी और अन्य सुविधा कर रही है। बड़े आयोजन की दृष्टि से लोगों ने अलग-अलग काम के लिए सहयोग किया है। संयोजक अमरजीत सिंह ने बताया कि आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री बागेश्वर धाम में नवरात्र पर 9 दिन की साधना कर रहे हैं। इसके ठीक बाद उनकी पहली कथा का आयोजन कोरबा जिले में है। हम ऐसा मानकर चलते हैं कि इसके कई सकारात्मक प्रभाव कोरबा जिले के मामले में अवश्य होंगे। इसलिए इस आयोजन में सहयोग करने के लिए कोरबा सहित विभिन्न क्षेत्रों के हिन्दूजन अग्रणी हैं।



पत्रकारवार्ता में कार्यक्रम की जानकारी देते समिति के सदस्य।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक



प्रदेश अध्यक्ष के प्रवास के दौरान उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

विधानसभा कटघोरा के ग्राम जवाली में मिशन गांव चलो अभियान पंचायत स्तर से लेकर बूथ स्तर को और अधिक मजबूत करने के लिए दीपक बैज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने संगठन के सभी कार्यकर्ताओं की बैठक ली। जिसमें रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया, पूर्व विधायक पुरषोत्तम कंवर, जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी मनोज चौहान, प्रदेश के संयुक्त महामंत्री हरीश परसाई, जिलाध्यक्ष कांग्रेस श्रीमती प्रभा सिंह तंवर, संतोषी पाटले जिला महामंत्री, गोपाल यादव सांसद प्रतिनिधि, ब्लॉक अध्यक्ष गोरेलाल ⏭ शेष पेज 2 पर


सर्वमंगला मंदिर में हवन पूजन करते मंदिर के आचार्य।


मंदिर परिसर में हुआ कन्या भोज का आयोजन।


माता का दर्शन करते भक्त।

## महागौरी की हुई विशेष आराधना, आज होगा जवारा का विसर्जन

# महाअष्टमी पर मंदिरों में हवन आहुति और कन्या भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चैत्र नवरात्र के महाअष्टमी के अवसर पर गुरुवार को मंदिरों में हवन आहूती के साथ भोग भंडारे का आयोजन हुआ। चैत्र नवरात्री में इस बार अष्टमी और नवमीं की तिथि को लेकर लोगों में भ्रम की स्थिति थी। इसका कारण दो तिथियों का एक साथ आना था। पंचाग के अनुसार अष्टमी तिथि बुधवार को दोपहर 2 बजे से शुरु होकर 26 मार्च को 12 बजे तक रही।

**खास बात**

- सर्वमंगला व मड़वारानी मंदिर में दर्शनार्थियों ने किए माता का दर्शन

उदिया तिथि होने के कारण अष्टमी गुरुवार को मनाई गई। शुक्रवार को नवमीं होने की वजह से ज्वारा का विसर्जन किया जाएगा।

आदिशक्ति की 9 दिन तक चलने वाली चैत्र नवरात्र का पर्व का शुक्रवार को समापन हो जाएगा। गुरुवार को महाअष्टमी पर महागौरी की पूजा की गई। इस दिन इनकी पूजा का विशेष महत्व रहता है। इस अवसर पर मंदिरों में माता के दर्शन के लिए अंचल में जगह जगह विराजित माता मंदिर में दर्शानार्थी श्रद्धा भक्तिभाव से परिवार सहित सुबह से पहुंचने लगे थे। तेज गर्मी को देखते हुए अधिकांश दर्शानार्थी परिवार सहित सुबह के समय को दर्शन के लिए उचित समझे और इसके मद्देनजर अधिकत्तर मंदिरों में भीड़ नजर आने लगी थी। दोपहर बाद हवन आहूति के साथ कन्या भोज कराए गए। मंदिरों के अलावा अधिकांश भक्तों ने अपने घरों में कन्या भोजन के साथ नवरात्रि पर्व का परायण किया। सर्वमंगला मंदिर से लेकर मड़वारानी मंदिर, चैतुरगढ़ आदि स्थानों में 9 दिन तक भंडारे चलते रहे। जिनमें बड़ी संख्या में उपस्थित होकर लोगों ने प्रसाद ग्रहण

### माँ सर्वमंगला का दरबार सजा फूलों से



माँ सर्वमंगला देवी के सजे दरबार से श्रद्धालुओं का मन अभूतपूर्व दृश्य से प्रफुल्लित हो उठा और हृदय रोमांचित हो उठा। संध्या होते ही यह दृश्य और अतिसुंदर हो गया, मानो हम स्वर्ग में आ गए हैं, वैसे भी माँ सर्वमंगला देवी का परिसर पहुंचते ही मन में अजीब सी शांति का एहसास होता है और सारे विकार दूर हो कर मन सिर्फ माँ के आगोश में जाने का करता है। शांत वातावरण और दिव्य दृश्य मन और मस्तिष्क को आल्हादित करते हैं। सप्तमी पर माँ कालरात्रि स्वरूपा की पूजा करने परिसर से लेकर लम्बी लाईन लगी हुई थी और श्रद्धालु धीरे-धीरे गर्भगृह पहुंचकर माता के श्रृंगारमय सजी मूर्ति का दर्शन कर तृप्त हो गए। सजीवरूपी माँ सर्वमंगला देवी अपने भक्तों का हर मनोकामना पूर्ण करती हैं, इसी विश्वास के साथ आज सप्तमी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और माँ कालरात्रि स्वरूपा माँ सर्वमंगला देवी का दिव्य दर्शन कर अपने आपको धन्य मान रहे थे।

### कैबिनेट मंत्री पहुंचे माता रानी के दरबार लिया आशीर्वाद

कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन नवरात्रि के पावन अवसर पर एनटीपीसी गेट के सामने दर्री में हनुमान मंदिर परिसर में पहुंचे। जहां मां आदिशक्ति की दर्शन-पूजन अर्चना कर नगरवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं राज्य-नगर की निरंतर उन्नति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर मंदिर समिति के संरक्षक कौशल देवांगन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, भुवनेश्वर दुग्गल, परविंदर सिंह, मनोज लहरे, पार्षद नरेंद्र देवांगन, ईश्वर साहू, मुकुंद कंवर, गौरी शंकर अग्रवाल, गोपालबन गोस्वामी, मनोज वर्मा, सुरेश अग्रवाल, अंजय अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, संजय कुरमवंशी, आशीष पांडे, श्रीमती उमा द्विवेदी सहित अधिक संख्या में समिति के पदाधिकारीगण एवं श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।



### कल जगह जगह निकली शोभायात्रा

महाअष्टमी और नवमीं एक साथ होने के कारण जगह जगह भगवान राम की शोभायात्रा भी निकाली गई। जिसकी तैयारियां बीते एक सप्ताह से समितियों के द्वारा की जा रही थी। बालको उपनगर क्षेत्र में रामनवमीं के अवसर पर एक बड़ी भव्य शोभायात्रा अंबिका मंदिर से निकलकर भद्रापारा क्षेत्र के गायत्री मंदिर होते हुए नगर का भ्रमण कर हनुमान मंदिर सेक्टर 5 में समाप्त हुई। हिन्दू क्रांति सेना की बालको ईकाई के द्वारा बीते चार वर्षों से रामनवमीं के अवसर पर शोभायात्रा निकाली जा रही है। इस दौरान शोभायात्रा में भगवान राम और हनुमान जी की विभिन्न रुपों की झांकियां शोभा बढ़ा रही थी।

### यादव परिवार के घर ज्योत जवारा की हो रही पूजा

हरदीबाजार पुरानी बस्ती में चैत नवरात्रि पर नेवरात पर्व यादव परिवार के द्वारा किया जा रहा है। जहां नकुल यादव अपने निवास में 22 मार्च को जवां बोआई कर नित्य प्रतिदिन माता रानी की सेवा आराधना, झांझ मंजीरा मांदर की थाप पर जस गीत अनवरत चल रही है। जिसका हवन अष्टमी 29 मार्च को एवं नवमी 30 मार्च को विसर्जित किया जाएगा। इस दौरान बस्ती, गांव व क्षेत्र से लोग आकर माता रानी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लें रहे हैं। इस दौरान नकुल यादव, श्रीमती नानबाई यादव,भीम यादव, अर्जुन यादव, सहदेव यादव, बलदेव अहीर, रमेश अहीर, हीरालाल अहीर, पुष्पेन्द्र यादव,आशीष यादव,नीरु यादव, सुमन यादव,करन यादव,जलेन यादव, रामायण यादव सहित सभी मोहल्लेवासी इस धार्मिक अनुष्ठान में रमे हुए हैं।



### वैष्णो दरबार में अष्टमी को हुआ वेदमन्त्रों के साथ हवन



सीतामणी नहर रोड स्थित वैष्णो दरबार मे चैत्र नवरात्र पर अनुष्ठान किए गए। गुरुवार को अष्टमी तिथि को यहां हवन पूजन विधान पूरा किया गया। मंदिर समिति के पदाधिकारी, मातृशक्ति और श्रद्धालु इसमें शामिल हुए। मंदिर परिसर में हवन पूजन के लिए वेदी बनाई गई, जहां वैदिक मंत्रों की ध्वनि के बीच आहुतियां दी गई। इसके माध्यम से धर्म, संस्कृति, आध्यात्म और पर्यावरण की श्रेष्ठता की कामना की गई। पंडित उमा झा और उनके सहयोगी ने इस कार्य को संपादित कराया। उन्होंने हवन विधान की परंपरा और इसके उपयोगी पक्षों के बारे में श्रद्धालुओं को अवगत कराया। समिति ने बताया कि शुक्रवार 28 मार्च को दोपहर 1:00 से मंदिर परिसर में भंडारा का आयोजन होगा।

### पूर्व केबिनेट मंत्री पहुंचे मड़वारानी मंदिर

पूर्व केबिनेट मंत्री जय सिंह अग्रवाल अपने कांग्रेस साथियों के साथ गुरुवार को महाअष्टमी के अवसर पर माँ मड़वारानी पहाड़ ऊपर पहुँचकर मुख्य मंदिर मां मड़वारानी के दरबार में मत्था टेककर पूजा अर्चना कर आरती की।



## खबर संक्षेप



### कन्या भोजन कराकर लिया आशीर्वाद

हरदीबाजार भाटापारा में चैत्र नवरात्रि पर्व के महाअष्टमी पर बिंदु उपाध्याय ने अपने निवास पर नव कन्याओं को विधि विधान से पैर धोकर पूजा करते हुए खीर पुरी चना प्रसाद का कन्या भोज कराया। तत्पश्चात नव कन्याओं को भेंट स्वरूप सिंगार देकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उपस्थित शिल्पी उपाध्याय, रानी राठौर, विनोद उपाध्याय, अविनाश राठौर, जगदीश अग्रवाल, राजाराम राठौर, निलेंद्र राठौर उपस्थित रहे।

### मड़वारानी मंदिर में हुआ अष्टमी हवन पूजन



माँ मड़वारानी पहाड़ ऊपर मुख्य मंदिर कलमी पेड़ में माँ मड़वारानी सेवा समिति मड़वारानी द्वारा नवरात्रि की अष्टमी हवन पूजन कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर पुजारी सुरेन्द्र सिंह कंवर, सदस्य सहस कौशिक, कुलदीप कंवर, रघुनंदन कंवर, संतोष कंवर, सुखदेव कैवर्त, लक्ष्मी कांत, बजरंग राठौर, रामायण कंवर, भुवनेश्वर कुमार कंवर, राजू बरेठ आदि सदस्य सम्मिलित हुए।

### अग्रवाल सभा की समान्य सभा की बैठक संपन्न



**कोरबा।** विगत दिनों अग्रसेन भवन में अग्रवाल सभा के द्वारा समान्य सभा कि बैठक का अयोजन किया गया। सामान्य सभा कि बैठक अग्रवाल सभा सचिव गोपाल अग्रवाल के द्वारा समय पर चालू कि गई लेकिन कोरम पूरा नहीं होने के कारण बैठक का एक घंटे के लिए स्थागित कर दिया गया व एक घंटे के बाद बैठ पूनः चालू कि गई बैठक के द्वारा सचिव गोपाल अग्रवाल के द्वारा वर्तमान विषय पर चर्चा में वर्तमान कार्यकारणी को दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो रहा है आगमी दो वर्ष के कार्यकाल के लिए अध्यक्ष वरिष्ठ उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष के तीन पदों का चुनाव किया जाने है इसके साथ ही उन्हें आगामी संचालन के लिए अग्रवाल सभा अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल को सौप दिया गया अग्रवाल सभा अध्यक्ष ने अपनी बात रखते हुए कहा विगत दो वर्षो में अग्रवाल सभा कि कार्यकारणी के द्वारा किये गये कार्यो पर विस्तृत जानकारी दी इसके साथ ही उनके द्वारा श्री अग्रसेन शिक्षण समिति विद्यालय व श्री अग्रसेन गौ सेवा समिति व माता माधवी देवी गौ सेवा समिति के द्वारा कराये कार्यो का विस्तृत जानकारी दी गई जिससे सभा से एक मत से पारित कर दिया गया। इसके साथ ही अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष ने भी अपने विचार रखे। इसके साथ ही आगामी चुनाव हेतु मुख्य चुनाव अधिकारी अशीष खेतान कि नियुक्ति कि गई। इस अवसर पर मुख्य चुनाव अधिकारी अशीष खेतान ने कहा कि हमारे द्वारा सयुक्त चुनाव अधिकारी, कि नियुक्ति शीध्र कर ली जायेगी इसके साथ ही चुनाव के संबंधी कार्यक्रम की घोषण भी शीध्र कि जाएगी। इसके साथ ही सामान्य सभा की समाप्त कि घोषण राजेन्द्र अग्रवाल द्वारा की गई।

### राज्यस्तरीय टीचिंग प्लान स्पर्धा में आंचल ने हासिल किया तृतीय स्थान

**कोरबा।** बीते दिनों रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय टीचिंग प्लान स्पर्धा में जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतिभावान छात्रा आंचल राठौर ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कोरबा को गौरवान्वित किया है। कमला नेहरू कॉलेज में बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा आंचल ने सामाजिक विज्ञान व भाषा श्रेणी से आयोजन में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

## निधन

### श्रीमती सरस्वती नायर



कोरबा। शहर के व्यवसायी सरनिया होटल के संचालक श्रीजीत नायर की माता श्रीमती सरस्वती नायर की आज निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में परिवार परिजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### चंद्रशेखर पुरी गोस्वामी



बिलासपुर। ग्राम पंचायत हथनेवरा निवासी चंद्रशेखर पुरी गोस्वामी का 62 वर्ष की आयु में 26 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 मार्च को नोनदरहा रामपुर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अशोक पुरी के पिता व संतोष पुरी, राजेंद्र पुरी, कृष्णा गोस्वामी के बड़े भाई थे।

### छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ का तृतीय महासम्मेलन 29 को

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ का तृतीय महासम्मेलन की मेजबानी इस बार कोरबा कर रहा है। 29 मार्च को यह सम्मेलन टीपी नगर स्थित प्रदेश अखबार वितरक संघ कार्यालय परिसर में सम्पन्न होगा। महासम्मेलन को सफल बनाने छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ की जिला इकाई ने तैयारी प्रारंभ कर दी है। महासम्मेलन के साथ-साथ सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जा रहा है। महासम्मेलन कार्यक्रम का शुभारंभ अपराह्न 3.30 बजे कोरबा विधायक एवं केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन करेंगे, वहीं महासम्मेलन की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में कोरबा जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह, निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा के प्रदेश मंत्री सुश्री ऋतु चौरसिया, पार्षद एवं भाजयुमो के पूर्व जिला महामंत्री नरेन्द्र देवांगन, वार्ड पार्षद श्रीमती प्रेमलता बंजारे एवं पार्षद रामकुमार साहू होंगे। वक्ता के रूप में राष्ट्रीय वितरक महामंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामरक्षा सिंह संरक्षक पंकज भट्ट महामंत्री साकेश सैनी उत्तर प्रदेश प्रभारी राकेश अवस्थी श्रेष्ठ पासवान भागवत नारायण चौरसिया एवं महाराष्ट्र राज्य वृत्तपत्र विक्रेता संघटना के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पाटनकर आदि शामिल होंगे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### कोरबा ब्लाक के...

एजेंसी क नाम से प्रस्ताव गयसा है। दोनों ही क्षेत्र मुख्य मार्गों में होने के कारण जंक्शन क्षेत्र के रुप में धीरे धीरे पहचान बनाते जा रहा है। इससे गैस कुकिंग गैस उपयोग करने वाले हितग्राहियों में बढ़ोत्तरी होगी। दोनों ही क्षेत्रों में कोई भी गैस एजेंसी नहीं होने से इन क्षेत्रों में गैस का उपयोग करने वाले हितग्राहियों की संख्या ना के बराबर है। अधिकांश हितग्राही लकड़ियों पर ही निर्भर रहते हैं। जबकि इन क्षेत्रों में अब व्यवसायिक दुकानें भी स्थापित हो चुकी है। **अजगरबहार तहसील मुख्यालय में एजेंसी की दरकार:** अजगरबहार को तहसील मुख्यालय का दर्जा दिए जाने का बाद यहां शासकीय कार्यालय लगातार खुलते जा रहे हैं। जिससे शासकीय कर्मचारियों के आवासों का निर्माण किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में यहां निवास करने वाले शासकीय कर्मचारियों की सुविधा के लिए एलपीजी गैस एजेंसी की आवश्यकता महसूस की जा रही है। तहसील मुख्यालय के अलावा अस्पताल, छात्रावास, हायर व हाई स्कूल, परियोजना कार्यालय आदि का संचालन भी होने लगा है। खाद्य विभाग ने अजगरबहार तहसील में भी गैस एजेंसी के लिए प्रस्ताव तैयार कर रहा है।

### रोहिदास मोहल्ले...

से मुआवजे के इंतजार में ग्रामीण दर-दर भटक रहे हैं ग्रामीणों का आरोप है कि एसईसीएल प्रबंधन जानबूझकर मामले को लटका रहा है। पीड़ित ग्रामीणों ने मुख्य महाप्रबंधक एसईसीएल गेवरा को मांग पत्र सौंपते हुए स्पष्ट किया है कि यदि उनकी संपत्तियों का तत्काल मुआवजा और अन्य सुविधाएं प्रदान नहीं की गईं तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए विवश होंगे ग्रामीणों ने दो टूक शब्दों में कहा है कि किसी भी अप्रिय स्थिति या कानून-व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति में संपूर्ण जवाबदेही एसईसीएल प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन की होगी।

### अधिक से अधिक...

योजना के अंतर्गत बकाया राशि में शतप्रतिशत छूट प्राप्त हुई है। शिविर में बकायेदार उपभोक्ताओं को बिजली बिलों में राहत प्रदान करने के उद्देश्य से आनस्पॉट रजिस्ट्रेशन कर उन्हे योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। इस योजना में बीपीएल, घरेलू और कृषि श्रेणी के निम्नदाब उपभोक्ताओं को बिजली बिल के सरचार्ज (अधिभार) में 100 प्रतिशत तक तथा मूलराशि में बीपीएल उपभोक्ताओं को 75 प्रतिशत एवं घरेलू व कृषि उपभोक्ताओं को 50 प्रतिशत छूट प्रदान करने लिए विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किये जा रहे हैं, जहां बड़ी संख्या में विद्युत उपभोक्तागण उत्साहपूर्वक सम्मिलित भी हो रहे हैं।

### प्रदेश कांग्रेस...

यादव, दिलीप सिंह, रामनारायण पटेल, अशरफ मेमन, गुलशन जायसवाल, जनपद सदस्य कमल बेलदार, शत्रुहन सिंह, कन्हैया कुर्रे, राजेंद्र यादव, मनमोहन राठौर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष, विकास सिंह युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष, हर्षिता राजपूत पार्षद, प्रशांति सिंह, उषा राठौर, सजन सिंह, लल्लू सिंह व अधिक संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पंडित धीरेंद्र शास्त्री की कथा को लेकर सर्वसमाज की बैठक


बैठक को संबोधित करते जिला पंचायत अध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर में प्रस्तावित पंडित धीरेंद्र शास्त्री की कथा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में अग्रसेन भवन कटघोरा में सर्वसमाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कथा के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में कार्यक्रम के सचिव व जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ,सुबोध सिंघ,अग्रवाल सभा कटघोरा के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ज्योति पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा पवन गर्ग,उद्योगपति गोपाल शर्मा व अपना घर सेवा आश्रम के संस्थापक राणा उखरजो विशेष रूप से उपस्थित रहे सर्वप्रथम डा पवन सिंघ ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज को एकजुट करने का माध्यम होते हैं और पंडित धीरेंद्र शास्त्री की कथा से क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बनेगा उन्होंने सभी समाज के लोगों से आयोजन को सफल बनाने के लिए सहयोग करने का आह्वान किया। राणा सिंघ ने कथा की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन को भव्य और व्यवस्थित बनाने के लिए अलग-अलग समितियों का गठन किया जा रहा है। कथा स्थल की व्यवस्था, यातायात, पार्किंग, जलपान, सुरक्षा और श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था को लेकर जिम्मेदारियां तय की जा रही हैं। इस अवसर पर अग्रवाल सभा कटघोरा के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा कि नगर में पहली बार इतने बड़े स्तर पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, इसलिए सर्वसमाज का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल किसी एक समाज का नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र की आस्था और श्रद्धा से जुड़ा हुआ हैं। बैठक में उपस्थित गणमान्य नागरिकों और समाज के प्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव दिए और आयोजन को सफल बनाने के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। अंत में निर्णय लिया गया कि कथा के आयोजन से पहले नगर में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाएगा तथा विभिन्न समितियों के माध्यम से व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक में बड़ी संख्या में सर्वसमाज के लोग, समाजसेवी और नगर के प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित रहे।

### खतरनाक स्टंट, यातायात नियमों का उड़ाया माखौल



**कोरबा।** शहर की सड़कों पर कानून व्यवस्था को खुली चुनौती देते हुए मोतीसागर पारा के कुछ युवकों ने ऐसा खतरनाक खेल खेला, जिसने आम लोगों को दहशत में डाल दिया। 5 अलग-अलग बाइक पर 3-3 युवक सवार होकर न सिर्फ ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आए, बल्कि बीच सड़क पर जानलेवा स्टंट करते हुए पूरे शहर में दहशत फैलाते रहे। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है, जहां सीतामढ़ी से लेकर इतवारी बाजार तक इन युवकों का हुड़दंग लगातार चलता रहा। कोई बाइक पर लटककर चल रहा था तो कोई चलते वाहन पर खड़े होकर स्टंट कर रहा था।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



समस्त जिलेवासियों को
रामनवमी
की हार्दिक शुभकामनाएं...




समस्त जिलेवासियों को राम नवमी
की हार्दिक शुभकामनाएं...
आनंद चौकसे
भा.ज.पा. नेता , दीपका जिला कोरबा




राम नवमी केपावन अवसर पर प्रभु श्री राम की कृपा आप पर बनी रहे। सत्य, मर्यादा और धर्म केप्रतीक भगवान राम का आशीर्वाद आपकेजीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाए।
समस्त जिलेवासियों को
राम नवमी
की हार्दिक बधाई
ठा. आर.के. सिंह
संरक्षक
ठा. शशि सिंह
राष्ट्रीय संगठन मंत्री
ऑल इंडिया क्षत्रिय फेडरेशन
ठा. राज सिंह
संरक्षक
ठा. दीपक सिंह
संरक्षक
ठा. मुकेश सिंह
महासचिव
ठा. विजय सिंह
उपाध्यक्ष
ठा. बच्चु सिंह
कोषाध्यक्ष
ठा. छन्नू सिंह
सहसचिव
ठा. जीतेन्द्र सिंह (लाला)
सदस्य
ठा. प्रमेश सिंह
सदस्य
ठा. अवधेश सिंह
अध्यक्ष-राजपूत क्षत्रिय समाज, कोरबा
विनीतः राजपूत क्षत्रिय समाज, जिला-कोरबा (छ.ग.)




विश्व हिन्दू परिषद
समस्त जिलेवासियों को चैत्र नवरात्रि एवं
रामनवमी
की
हार्दिक बधाई...
श्री सप्तदेव मंदिर
गौरव मोदी
अध्यक्ष-विश्व हिंदू परिषद, महानगर कोरबा (छ.ग.)
श्री सप्तदेव मंदिर कोरबा, मेन रोड कोरबा (छ.ग.)




समस्त जिलेवासियों को राम नवमी की हार्दिक बधाई
अंकित स्क्रीन
♦ शादी कार्ड ♦ फ्लेक्स प्रिंटिंग ♦ कप/मग प्रिंटिंग ♦ थैला प्रिंटिंग ♦ टी-शर्ट प्रिंटिंग
मोमेन्टो, शील्ड, कप, मेडल, ट्रॉफी
मल्टीकलर पाम्पलेट, पोस्टर, स्टीकर, हेण्डबिल, झण्डा, तोरन, टोपी, बेच, कटआउट
चुनाव सामाग्री
नया बस स्टैण्ड पाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)
94241-50260, 79875-44951
94792-13781, 78698-05460
प्रो.सत्यनारायण श्रीवास




राम नवमी के पावन अवसर पर प्रभु श्री राम की कृपा आप पर बनी रहे।
सत्य, मर्यादा और धर्म के प्रतीक भगवान राम का आशीर्वाद आपके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाए।
समस्त जिलेवासियों को
राम नवमी
की हार्दिक शुभकामनाएं!
नवीन पटेल
पूर्व जिला महामंत्री भा.ज.पा.
जिला कोरबा




समस्त जिलेवासियों को
राम नवमी
की
हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती अशोक बाई कंवर
अध्यक्ष-जनपद पंचायत करतला, जिला कोरबा




हर हृदय में बसे हैं राम, उनके बिना अधूरा है हमारा धाम।
समस्त जिलेवासियों को
राम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं...
किशन कोशले
जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 21, जिला कोरबा




भए प्रगट कृपाला दीनदयाला, कौसल्या हितकारी
राम नवमी
के इस पावन अवसर पर
आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएँ
चंद्रलोक सिंह
हैट्रिक पार्षद - वार्ड क्रमांक 20 (सी.एस.ई.बी. क्र. 02)
अध्यक्ष- जन भागीदारी समिति शा.ई.वि.पी.जी. महाविद्यालय, कोरबा




समस्त जिलेवासियों को
राम नवमी
की हार्दिक शुभकामनाएं...
दुष्यंत शर्मा
रामभक्त




गुणवान तुम, बलवान तुम, भक्तों को देते हो वरदान तुम।
भगवान तुम, पालनहार तुम, मुश्किल को कर देते आसान तुम
समस्त जिलेवासियों को
राम नवमी
की हार्दिक शुभकामनाएं...
अविनाश सिंह
पार्षद वार्ड क्रमांक 11 नगर पालिका परिषद् दीपका
पी.आई.सी. मेंबर ( स्वास्थ्य विभाग )

## खबर संक्षेप



### नगर पालिका अध्यक्ष ने 23 हितग्राहियों को बांटे राशन कार्ड

**बांकीमोंगरा।** शासन की जनहितैषी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की कड़ी में बांकीमोंगरा नगर पालिका कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहाँ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा के हाथों 23 पात्र हितग्राहियों को नए राशन कार्डों का वितरण किया गया। कार्ड मिलते ही हितग्राहियों के चेहरों पर खुशी साफ झलकने लगी। श्रीमती सोनी विकास झा ने कहा कि राज्य सरकार और नगर पालिका प्रशासन का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र परिवार राशन की सुविधा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि एक गरीब परिवार के लिए सम्मानजनक जीवन और पोषण का आधार है। हमारी प्राथमिकता है कि शासन की हर योजना का लाभ सीधे जरूरतमंदों तक पहुंचे। हितग्राहियों का कहना था कि कार्ड बन जाने से अब उन्हें कम कीमतों पर अनाज और अन्य आवश्यक वस्तुएं मिल सकेंगी, जिससे उनके घरेलू बजट में काफी राहत मिलेगी। इस अवसर पर नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी और वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### विकास के पथ पर अग्रसर कटघोरा विधानसभा क्षेत्र : प्रेमचंद



**हरदीबाजार।** कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल के द्वारा सड़क निर्माण को लेकर जनप्रतिनिधियों के द्वारा मांग की गई थी जिसे देखते हुए डोंगरी में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा मूढ़ाली से डोंगरी तक 2.175 किमी सड़क निर्माण कार्य (लगभग 1.92 करोड़ लागत) का विधिवत भूमिपूजन किया गया। यह सड़क निर्माण कार्य क्षेत्र की जनता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे आवागमन सुगम होगा एवं विकास को नई गति मिलेगी, इस अवसर पर पूर्व युवा आयोग सदस्य रघुराज सिंह, सरपंच श्रीमती भगवती कंवर, इन्द्रपाल सिंह कंवर , जनपद सदस्य कमल, युवा मोर्चा महामंत्री नरेंद्र चौहान, मनबोध दास, मन्नु राठौर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विधायक पटेल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हम सतत प्रतिबद्ध हैं और ऐसे जनहितकारी कार्यों के माध्यम से आमजन के जीवन को सरल एवं सुगम बनाने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

### गोपाल बने जिला कांग्रेस कमेटी कटघोरा ब्लॉक ग्रामीण के महामंत्री



**हरदीबाजार।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार एवं संयुक्त महामंत्री प्रदेश कांग्रेस हरीश परसाई तथा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनोज चौहान के द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें गोपाल यादव को जिला कांग्रेस कमेटी का महामंत्री के रूप में एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई। आगामी बूथ कमेटी विस्तार को लेकर सभी ब्लॉकों के प्रभारी जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त किया जा रहा है। इसी तारतम्यता में गोपाल यादव को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कटघोरा ग्रामीण के प्रभारी का जिम्मेदारी दी गई है। श्री यादव ने बताया आने वाले समय में कटघोरा ग्रामीण के ब्लॉक अध्यक्ष गोरेलाल यादव के साथ मिलकर समस्त कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क किया जाएगा तथा बूथ लेवल में कार्यकर्ताओं की नियुक्ति तथा कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने का महिम चलाया जाएगा।

### बेडमिंटन की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मनीषी को मिला ब्रांज मैडल



**बिलासपुर।** गोवा में हो रहे योनेक्स सनराइस 48वां मास्टर्स नेशनल बेडमिंटन चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ से 45 वर्ष की आयु वर्ग में मनीषी सिंह ने ब्रांज मैडल हासिल कर एक बार फिर से प्रदेश का नाम रोशन किया है। मनीषी सिंह ने अपने सिंगल्स में सबसे पहले कल्पना अग्रवाल को सीधे सेटो में 21-13,21-13 से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। इसके बाद दिल्ली की खिलाड़ी निवेदिता को 21-4,21-17 से हराकर क्वार्टर फाइनल राऊंड में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल राऊंड में इनका मुकाबला हैदराबाद की खिलाड़ी स्वेता वायकर से हुआ जिसे 21-13 से पहला सेट हारने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए कड़े मुकाबले को 21-17,21-19 से अपने नाम किया । सेमीफाइनल में असम की खिलाड़ी विदिशा बोरा से कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद मनीषी सिंह को गोवा के सचिव द्वारा ब्राउंज मैडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस जीत से मनीषी सिंह के परिवार एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के सभी लोग उत्साहित हैं।

# सर्विस रिकार्ड सुधारने के लिए शिक्षकों को नहीं पड़ेगा भटकना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

सर्विस रिकार्ड सुधारने के लिए शिक्षकों को अब भटकना नहीं पड़ेगा। लोक शिक्षण संचालक (डीपीआई) शिक्षा विभाग को एक आदेश जारी कर सर्विस रिकार्ड सुधारने के लिए 15 अप्रैल तक की तिथि तय की है और इसके लिए हाई व हायर सेकेंडरी के लिए दो प्राचार्यों की ड्यूटी लगाने के आदेश भी दे दिए गए हैं। इससे उन शिक्षकों को राहत मिलेगी जो सेवानिवृत्त के नजदीक पहुंच चुके हैं और जिनके सर्विस रिकार्ड में सुधार नहीं हुआ है।

शिक्षकों की सेवा पुस्तिका में तमाम तरह की छोटी छोटी गलती के कारण उसके सुधार के लिए शिक्षकों को बीईओ कार्यालय से लेकर डीईओ कार्यालय तक का चक्कर काटना पड़ता था उसके बावजूद महीनों तक सेवा पुस्तिका में सुधार नहीं होने के कारण कई शिक्षकों के इंक्रीमेंट और अवकाश प्रविष्टी दर्ज नहीं हो पाती थी। कलेक्टर में होने वाली कर्मचारी परामर्श दात्री की बैठक में भी शिक्षकों की इन समस्याओं को लेकर कई बार मुद्दा उठा था। जिस पर अधिकारियों के निर्देश के बाद भी बीईओ कार्यालय में चलने वाले बाबूराज के कारण शिक्षकों को भटकने से मुक्ति नहीं मिल पाती थी। स्थिति यह हो जाती थी कि भेंट और भटकने के बीच किसी एक को शिक्षकों को चुनना पड़ता था। ऐसी स्थितियों को लेकर लोक शिक्षण संचालक ने आदेश जारी कर शिक्षकों के सेवा पुस्तिका को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। डीपीआई का कहना है कि कई शिक्षकों के सेवा पुस्तिका में अपूर्ण अभिलेख होने के कारण उन्हें शासकीय सुविधाएं नहीं मिल पाती थी। इसके लिए सेवा पुस्तिका का सुधार आवश्यक है। डीपीआई के आदेश के तहत 1 से 15 अप्रैल तक दुरस्तीकरण का कार्य होगा उसके बाद 16 से 30 अप्रैल के मध्य ड्यूटी लगाकर अधिकारी कर्मचारियों के सेवा अभिलेख का परीक्षण करेंगे उसके बाद कार्य पूर्णतः का प्रमाण पत्र जारी करेंगे।

## डीपीआई ने शिक्षा विभाग को जारी किया आदेश

**खास बातें**

- 15 अप्रैल तक सुधारना होगा सर्विस रिकार्ड
- 16 से 30 अप्रैल तक दुरुस्तीकरण कार्य का होगा सत्यापन




### क्या है सर्विस रिकार्ड

शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए सेवा पुस्तिका एक महत्वपूर्ण आधिकारिक दस्तावेज है। जिसमें कर्मचारी और शिक्षकों की ज्वाईनिंग से लेकर सेवानिवृत्त तक का पूरा लेखा जोखा रहता है। सेवा पुस्तिका में कर्मचारी ने कब ज्वाईनिंग की, कब कब किस किस तिथि में उसको प्रमोशन मिला और इस दौरान कहां तबादला हुआ तथा अनुशासनात्मक कार्यवाही अगर की गई है उसका उल्लेख रहता है। सेवा पुस्तिका का महत्व सेवानिवृत्त के बाद बढ़ जाता है। इसके आधार पर ही पेंशन और सेवानिवृत्त जैसे देयकों का भुगतान होता है।

## पाड़ीमार जोन के निहारिका व उसके आसपास के पूरे क्षेत्र में होगी सप्लाई

# शहर में सब स्टेशनों को एक दूसरे से जोड़ कर डबल सप्लाई की हो रही है व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




गर्मी के सीजन में शहर वासियों को बिजली की आंख मिचौली का सामना न करना पड़े इसके लिए विद्युत वितरण विभाग द्वारा शहर के अलग-अलग सब स्टेशन में डबल सप्लाई की सुविधा दी जा रही है। ताकि लंबे समय तक बिजली बंद होने पर दूसरे सब स्टेशन से जोड़कर विद्युत आपूर्ति की जा सके।

उल्लेखनीय की शहर के पाड़ीमार और तुलसी नगर जोन जो शहर को मुख्य रूप से राजस्व की देनदारी करता है। इसके बाद भी गर्मी के दिनों में बिजली की आंख मिचौली आम बात होते जा रही है। पावर लोड होने की वजह से इस तरह की समस्या आम बात है लेकिन गर्मी के दिनों में शहर वासियों को बिजली की आंख मिचौली का सामाना न करना पड़े इसके लिए शहर के अलग-अलग क्षेत्र में विद्युत वितरण विभाग द्वारा सब स्टेशन स्थापित किया जा रहा है। सब स्टेशन को एक दूसरे से जोड़कर डबल सप्लाई की विद्युत व्यवस्था बनाई जा रही है ताकि एक सबस्टेशन में किसी तरह की तकनीकी खामी आने पर दूसरे सब स्टेशन से जोड़कर विद्युत आपूर्ति की जा सके। निश्चिततौर पर विद्युत वितरण विभाग द्वारा व्यवस्था की जा रही है। यदि इसके तहत लाभ मिलने लगा तो काफी हद तक शहरवासियों को गर्मी में बिजली की आंख मिचौली का सामना नहीं करना पड़ेगा। विद्युत वितरण विभाग को निहारिका क्षेत्र से सबसे ज्यादा रेवेन्यू मिलता है। जिसमें राजेंद्र प्रसाद नगर, शिवाजी नगर, एमपी नगर, आरएसएस नगर सहित सीएसईबी कॉलोनी का इलाका शामिल है। इन सभी क्षेत्रों को विद्युत आपूर्ति करने के लिए विद्युत वितरण विभाग द्वारा मिनीमाता कॉलेज के ठीक पीछे स्थित शिवाजी नगर में सब स्टेशन और सीएसईबी कॉलोनी के सीडीएफ सब स्टेशन का निर्माण किया गया है लेकिन इन तीन सब स्टेशन के माध्यम से पूरे इलाके को विद्युत आपूर्ति की जाती है और गर्मी के दिनों में ओवरलोड की स्थिति निर्मित होती है। अब 1 किलोमीटर के दायरे में यह चौथा सब स्टेशन निहारिका में तैयार कर चार्ज किया जा चुका है।

### तीन हजार उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

निहारिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राजेंद्र प्रसाद नगर, साडा कॉलोनी, शिवाजी नगर, आरएसएस नगर, एमपी नगर, घंटाघर व सीएसईबी कॉलोनी के लगभग 3 हजार उपभोक्ताओं को निहारिका सब स्टेशन से विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। पाड़ीमार जोन के एई कृष्णचंद जोशी ने बताया कि डबल सप्लाई के तौर पर इस सब स्टेशन का निर्माण किया गया है। साथ ही गर्मी के दिनों में ओवरलोड होने की स्थिति में इस सबस्टेशन के माध्यम से इस इलाके के कई क्षेत्र को विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी और आपात की स्थिति में यदि किसी सब स्टेशन में फॉल्ट आता है तो इस सब स्टेशन से बैकअप दिया जा सकेगा और उस इलाकों को विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी।

### जोड़ा गया है डबल सप्लाई से

सुभाष चौक के समीप 33 गुणा 11 केवी का सब स्टेशन तैयार किया गया है। इसके अलावा निहारिका क्षेत्र में ही पहले से तीन सब स्टेशन संचालित थे। निहारिका सब स्टेशन के माध्यम से निहारिका क्षेत्र को डबल सप्लाई का लाभ मिलेगा और लगभग 3 हजार उपभोक्ताओं को इसका सीधा लाभ मिलेगा और गर्मी के दिनों में ओवरलोड की स्थिति निर्मित नहीं होगी।

-कृष्णचंद जोशी,
एई वितरण विभाग, पाड़ीमार जोन

# कार में लगी आग, जलकर खाक



आग से धूं-धूंकर जलती कार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के मानिकपुर चौकी क्षेत्र में एक कार में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि मामा के घर आए भांजे की कार झाड़ियों में लगी आग की चपेट में आ गई, जिससे कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घटना मानिकपुर चौकी क्षेत्र के सेंट पॉलिटी स्कूल के पीछे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, पहले आसपास की झाड़ियों में आग लगी थी, जो देखते ही देखते फैलकर पास खड़ी कार तक पहुंच गई। आग की लपटें तेज होने से कार कुछ ही समय में पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने का प्रयास किया। फिलहाल इस घटना में किसी जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन कार को भारी नुकसान हुआ है। वहीं इस मामले को लेकर मानिकपुर चौकी प्रभारी ने बताया कि देर शाम तक इस मामले में किसी ने शिकायत की है।

### डीजे बजाने के नाम पर हंगामा हुई चाकूबाजी, दो हिरासत में

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बस्ती में बीती रात को एक बारात में बज रहे डीजे के उपर चढ़कर हंगामा कर रहे युवकों को मना करने पर चाकूबाजी की घटना सामने आयी है। जहां मोतीसागर पारा में रहने वाले युवकों ने दुरपा रोड निवासी संदीप भारद्वाज (24 वर्ष) के उपर चाकू से हमला कर दिया है। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। घटना के बाद तत्काल पुलिस हरकत में आयी और नगर कोतवाली मोतीलाल पटेल ने मामले में हमलावार युवकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि पुलिस इस मामल में दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

# सूने मकान में हुई चोरी के आरोपी गिरफ्तार सोने चांदी के जेवर बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सजग कोरबा सदर कोरबा अभियान के तहत चौकी मानिकपुर, थाना कोतवाली पुलिस द्वारा सूने मकान में हुई चोरी की घटना का सफलतापूर्वक खुलासा किया गया है। घटना के अनुसार 10 मार्च को अज्ञात लोगों के द्वारा एक सूने मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर सोना-चांदी के जेवरात, नगदी राशि लगभग 5000 रुपये एवं अन्य सामान सहित कुल 2–3 लाख रुपये मूल्य की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली चौकी मानिकपुर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

अपराध पंजीबद्ध करने के बाद पुलिस द्वारा घटना की जांच कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान मुखबीर से सूचना के आधार पर पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना अपराध स्वीकार करने की जानकारी दी। आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने चोरी गए मशरुका को बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों में हनुमान मंदिर के पास थाना सिविल लाइन रामपुर निवासी अरुण कुमार सतनामी उम्र 22 वर्ष पिता छतराम सतनामी, पुराना शिव मंदिर के पास चौकी मानिकपुर निवासी देवेंद्र कुमार धीवर उर्फ अंडा, उम्र 20 वर्ष, पिता ननकी राम धीवर एवं क्वार्टर नंबर एफ-7 आईटीआई रामपुर निवासी आकाश यादव उम्र 20 वर्ष, पिता रामलाल यादव शामिल हैं।

**खास बात**

- तीन आरोपियों ने घटना को दिया था अंजाम



जप्त मशरुका के साथ पकड़े गए आरोपी।

### आरोपियों से ये सामान हुए बरामद

पुलिस ने आरोपियों से सोना-चांदी के जेवरात, नगदी राशि, कांसा एवं पीतल के बर्तन, पूजा में प्रयुक्त सामग्री, तांबे का लोटा, एक मोटर सायकल, चांदी के सिक्के एवं सोने के बिस्किट जप्त किए गए हैं। सभी बरामद सामग्री को विधिवत जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 331(4), 305(1), 3(5) बीएनएस के तहत वैधानिक कार्यवाही कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि इस प्रकरण में पूर्व में आरोपी आकाश मरावी, रोहित शर्मा एवं निखिल बर्मन को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है।

# मानिकपुर रेलवे ट्रैक के समीप मिला युवक का शव, नहीं हुई शिनाख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत उरांव बस्ती समीप रेलवे ट्रैक किनारे एक अज्ञात युवक का शव मिला। सुबह लगभग 10 बजे शव देखे जाने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मानिकपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। स्थानीय लोगों ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर काम करने वाले मजदूरों ने सुबह युवक को एक पैर के ऊपर पैर रखकर सोया हुआ देखा था। पास में पानी की बोतल भी थी, जिससे उन्हें लगा कि वह आराम कर रहा है। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पुलिस ने फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को भी बुलाया। टीम ने मौके पर जांच की। पुलिस की शुरुआती पूछताछ में पता चला कि युवक पिछले कुछ दिनों से आसपास घूमते हुए देखा गया था। आशंका जताई जा रही है कि वह मानसिक रोगी था और उसकी मौत भूख के कारण हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोरबा अंतिम स्टेशन होने के कारण अक्सर मानसिक रोगियों को ट्रेन में बैठा दिया जाता है, जिससे वे सीधे कोरबा पहुंच जाते हैं। इस वजह से जिले में मानसिक रोगियों की संख्या बढ़ रही है। मानिकपुर चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर ने बताया कि पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच की है, लेकिन युवक की मौत कब, कैसे और किन परिस्थितियों में हुई पुलिसिया जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।



मृतक

हरिभूमि बिलासपुर संभाग में नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## चालान जल्द पेश करने व जब्त वाहन को वापस करने मांगी रिश्वत

# 50 हजार रुपए घूस लेते रेंजर व डिप्टी रेंजर गिरफ्तार


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसीबी ने चालान जल्द पेश करने व जब्त वाहन को वापस करने के एवज में एक व्यक्ति से 50 हजार रुपए रिश्वत लेते अचानकमार टाइगर रिजर्व सुरही रेंज के रेंजर पल्लव नायक व डिप्टी रेंजर मनीष श्रीवास्तव को कोटा के मित्र मिलन रेस्टोरेंट से रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है।

एसीबी डीएसपी अजितेश सिंह ने बताया, लोरमी जिला मुंगेली निवासी अजीत कुमार वैष्णव ने शिकायत की। दिसंबर 2025 में वे अपने साथियों के साथ सुरही रेंज में चार पहिया वाहन लेकर घूमने गए थे। जहां पर उन लोगों के द्वारा एयरगन लेकर एक रील बना लिया गया था। बाद में उनका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया था, जिससे उनके व साथियों के विरूद्ध वन विभाग द्वारा कार्रवाई की गई थी। उनके वाहन को जब्त कर लिया गया था, वे लोग 18 दिन जेल में बंद थे। जेल से छूटनेके बाद वह प्रकरण में जल्द चालान पेश करने के लिए सुरही रेंज के डिप्टी रेंजर मनीष श्रीवास्तव से मिले तो उन्होंने चालान पेश करने के लिए 4 से 5 लाख रुपए तक खर्च आने और वाहन को छोड़ने के एवज में 70 हजार रुपए खर्चा आना बताकर रिश्वत की मांग की गई, वे रिश्वत नहीं देना चाहते थे।



आरोपियों रिश्वत लेने के मामले में बयान लेती एसीबी की टीम।



रेंजर पल्लव नायक, डिप्टी रेंजर मनीष श्रीवास्तव

### 2 साल में 45 वीं कार्रवाई

डीएसपी श्री सिंह ने बताया कि पिछले 2 साल में यह लगातार 45 वीं ट्रैप की कार्रवाई है। एसीसी की उक्त ताबड़तोड़ कार्रवाई से आसपास क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया है। एसीबी द्वारा किसी भी विभाग के लोकसेवन के द्वारा रिश्वत की मांग किए जाने पर तत्काल एसीबी को देने अपील की गई है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ,
श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई,
18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411